
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 27 जनवरी 2026, अंक –200.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"हर दिन कुछ नया सीखने का अवसर है।"
— लियोनार्डो दा विंची



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-0

# "ToB 7th स्थापना दिवस स्पेशल"

# "टीचर्स ऑफ बिहार की आत्मकथा"

मैं आज इसी दिन,
इसी तारीख़ 20.01.2019 को
किसी आदेश से पैदा नहीं हुआ।

मेरा जन्म
एक एहसास से हुआ।
एक ऐसा एहसास
जो हर उस शिक्षक के
सीने में दबा था
जो रोज़ बच्चों को हँसाता था
और खुद चुपचाप रोता हुआ
टूट जाता था।

मैं उस पल जन्मा
जब एक शिक्षक ने
क्लास खत्म होने के बाद
ब्लैकबोर्ड को देर तक देखा
और खुद से पूछा
"क्या मेरी ज़िंदगी बस यहीं तक है?"

हाथ में मोबाइल लेकर देखा तो
बारह बज चुका था,
रात का सन्नाटा था,
घर सो चुका था,
लेकिन शिक्षक जाग रहा था
अपने सवालों के साथ।
किसी ने लिखा
"भाई, अब कब तक ऐसे ही?"

कोई जवाब नहीं आया...
लेकिन खामोशी चिल्ला रही थी
मैंने देखा है एक शिक्षक को
सुबह स्कूल जाते हुए
अपने बच्चे को सिर्फ़ यह कहकर
चुप कराते हुए-
"आज पापा बच्चों के लिए देर
से आएँगे।"

मैंने देखा है
एक शिक्षिका को
टूटे फर्श पर खड़े होकर
पूरा भविष्य रचते हुए।

मैंने देखा है
कैसे शिक्षक
अपने वेतन से
कक्षा सजाता है
और सम्मान
उधार में भी नहीं मि
लता।

मैंने उन आँसुओं को देखा है
जो किसी के सामने नहीं गिरे।
जो बस रात की चादर में
सोख लिए गए।

मैंने उन अपमानों को देखा है
जो लिखे नहीं गए,
क्योंकि शिक्षक
अपमान से नहीं,
अपने कर्तव्य से बँधा होता है।

मैं कोई नारा नहीं हूँ।
मैं किसी मंच की गूँज नहीं हूँ।
मैं सहने की आदत हूँ
जो अब साथ खड़े होने में बदल
रही है।

धीरे-धीरे
मैं बड़ा नहीं हुआ—
मैं गहरा हुआ।
मेरे साथ वे शिक्षक आए
जिनके पास बोलने का साहस
नहीं था लेकिन सच था।

मैंने किसी से यह नहीं कहा—
"लड़ो।"
मैंने बस कहा—
" मैं से हम की ओर चलो"
मैंने सरकारी विद्यालय को
उसकी खोई हुई गरिमा लौटाने
की
कोशिश की।
मैंने यह याद दिलाया
कि जहाँ संसाधन कम होते हैं,
वहाँ संकल्प बड़ा होता है।

मैंने बताया
बिहार का शिक्षक
कमज़ोर नहीं है, वह
बस बहुत ज़्यादा
सहनशील है।

आज मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ
तो रास्ता काँटों से भरा दिखता
है।
लेकिन अब हर काँटे पर
किसी शिक्षक के कार्यों के फूल
भी लगे  है।

आज भी मेरे भीतर
वही पहला शिक्षक है,
जो बच्चों के नाम याद रखता है,
भले ही कोई उसका नाम न
जाने।

अगर यह पढ़ते हुए
आपकी आँखें
अपने आप भर आई हैं,
तो समझ लीजिए—
यह मेरी कहानी नहीं है।
यह आपके भीतर
बरसों से चुप बैठी कहानी है
जो आज
शब्द पा गई है।

मैं कोई संस्था नहीं हूँ।
मैं कोई पहचान पत्र नहीं हूँ।
मैं एक शिक्षक का
अधूरा सपना हूँ
जो अब साथ मिलकर
पूरा होना चाहता है।

मैं टीचर्स ऑफ बिहार हूँ।
और जब तक
बिहार का एक भी शिक्षक
बच्चों के भविष्य के आगे
अपनी तकलीफ़ रखकर खड़ा
है-
मैं ज़िंदा हूँ।

- शिव ✍

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Tuesday Prayer

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

सागर से उठा बादल बनके,
बादल से फटा जल हो करके।
फिर नहर बनी नदियाँ गहरी,
तेरे भिन्न स्वरूप, तू एक ही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

चींटी से भी अणु-परमाणु बना,
सब जीव-जगत् का रूप लिया।
कहीं पर्वत-वृक्ष विशाल बना,
सौंदर्य तेरा, तू एक ही है ॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

यह दिव्य दिखाया है जिसने,
वह है गुरुदेव की पूर्ण कृपा।
तुकड़िया कहे कोई न और दिखा,
बस मैं और तू सब एकही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्यश्यामलां मातरम्।
वंदे मातरम् !
शुभ्रज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्
सुखदां वरदां मातरम्।।
वन्दे मातरम्।



## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**Govt. PS बोदसर,**
**बगहा-2**

## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

## मौलिक कर्तव्य


अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: तमिलनाडु की राजधानी क्या है?
उत्तर:चेन्नई
प्रश्न 2: भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन थीं?
उत्तर:श्रीमती इंदिरा गांधी
प्रश्न 3: भांगड़ा के साथ बजने वाला मुख्य वाद्ययंत्र कौन सा है?
उत्तर:ढोल
प्रश्न 4: 100 में कितने दहाई (10) होते हैं?
उत्तर:10
प्रश्न 5: भारत का राष्ट्रीय गान किसने लिखा?
उत्तर: रवीन्द्रनाथ टैगोर
प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय पशु कौन सा है?
उत्तर:बाघ (रॉयल बंगाल टाइगर)
प्रश्न 7: साइकिल का आविष्कार किसने किया?
उत्तर:कार्ल ड्रेस (जर्मनी)
प्रश्न 8: भारतीय संविधान की प्रस्तावना में पहला शब्द क्या है?
उत्तर:"हम, भारत के लोग..."
प्रश्न 9: 'दूरदर्शी' का विलोम शब्द बताइए।
उत्तर:निकटदर्शी
प्रश्न 10: पौधे का वह कौन सा भाग है जो बीज बनाता है?
उत्तर:फूल

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1. Save – (सेव) – बचाना / सुरक्षित रखना
2. Print – (प्रिन्ट) – छापना
3. Upload – (अपलोड) – अपलोड करना
4. Download – (डाउनलोड) – डाउनलोड करना
5. Log in – (लॉग इन) – लॉगिन करना
6. Log out – (लॉग आउट) – लॉगआउट करना
7. Record – (रिकॉर्ड) – रिकॉर्ड करना


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

**Command:**
1. मुझे देखो:- Look at me.
2. बोर्ड पर देखो:- Look at the board.
3. यहां आओ:- Come here.
4. वहां जाओ:- Go there.


सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 27 जनवरी को कौन सा विश्व दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: विश्व प्राकृतिक आपदा जागरूकता दिवस
व्याख्या: 27 जनवरी को मनाया जाने वाला विश्व प्राकृतिक आपदा जागरूकता दिवस (World Natural Disaster Awareness Day) का उद्देश्य भूकंप, बाढ़, चक्रवात और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति तैयारी, शमन और सामुदायिक लचीलापन के महत्व पर वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस सतत विकास लक्ष्यों (SDG) 11 और 13 से संबद्ध है।
संदर्भ: संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय (UNDRR) कैलेंडर 2026।

2. जनवरी 2026 में भारत सरकार ने "राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना 3.0" का विस्तार किस आयुवर्ग तक किया? (समसामयिकी)
उत्तर: 70 वर्ष तक के सभी नागरिक
व्याख्या: स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जनवरी 2026 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (RSBY) के तीसरे संस्करण का विस्तार करते हुए 70 वर्ष तक की आयु के सभी भारतीय नागरिकों को शामिल किया गया। इसके तहत प्रति परिवार 7.5 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवर, टेलीमेडिसिन सेवाएँ और मुफ्त दवाइयाँ प्रदान की जाएंगी।
संदर्भ: स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, जनवरी 2026।

3. "The White Tiger" पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: अरविंद अडिगा
व्याख्या: अरविंद अडिगा का उपन्यास "The White Tiger" (2008) ने 2008 में मैन बुकर पुरस्कार जीता। यह उपन्यास भारत में वर्ग संघर्ष, आर्थिक असमानता और सामाजिक गतिशीलता को एक ड्राइवर बालराम हलवाई की कहानी के माध्यम से दर्शाता है, जो बैंगलोर से दिल्ली तक की यात्रा करता है।
संदर्भ: Man Booker Prize Archives (2026)।

4. "ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क" किस राज्य में स्थित है? (पर्यावरण)
उत्तर: हिमाचल प्रदेश
व्याख्या: ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क (GHNP) हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित है और यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है। यह पार्क 1,171 वर्ग किमी में फैला हुआ है और हिम तेंदुआ, भूरा भालू, मोनाल तीतर जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का आवास है। यह हिमालयी जैव विविधता का एक महत्वपूर्ण संरक्षण क्षेत्र है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 5 Natural Vegetation and Wildlife, p. 61।

5. "चोल वंश" का सबसे प्रसिद्ध शासक कौन था? (इतिहास)
उत्तर: राजराज चोल प्रथम
व्याख्या: राजराज चोल प्रथम (985-1014 ईस्वी) चोल वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक था, जिसने चोल साम्राज्य को दक्षिण भारत और श्रीलंका तक विस्तारित किया। उसने तंजावुर में बृहदेश्वर मंदिर का निर्माण कराया और एक शक्तिशाली नौसेना स्थापित की। उसका पुत्र राजेंद्र चोल प्रथम भी एक महान शासक था।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 2 New Kings and Kingdoms, p. 26।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. "भारत में सबसे लंबी सुरंग 'चेनानी-नाशरी सुरंग'" किस राज्य में स्थित है? (भूगोल)
उत्तर: जम्मू-कश्मीर
व्याख्या: चेनानी-नाशरी सुरंग (अब स्याहत बिलाल सुरंग) जम्मू-कश्मीर में स्थित 9.2 किलोमीटर लंबी भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग है। यह जम्मू को कश्मीर घाटी से जोड़ती है और नेशनल हाईवे 44 का हिस्सा है। इस सुरंग ने यात्रा समय में काफी कमी लाई है और सालभर कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है।
संदर्भ: NCERT Class 10 Geography, Ch 7 Lifelines of National Economy, p. 93।

7. भारतीय संविधान का "अनुच्छेद 19(1)(g)" किस अधिकार से संबंधित है? (संविधान)
उत्तर: व्यवसाय, व्यापार या कारोबार करने की स्वतंत्रता
व्याख्या: अनुच्छेद 19(1)(g) भारतीय नागरिकों को "व्यवसाय, व्यापार या कारोबार करने की स्वतंत्रता" का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। हालाँकि, राज्य सार्वजनिक हित में इस अधिकार पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है, जैसे व्यावसायिक योग्यता, व्यापार नैतिकता या सार्वजनिक स्वास्थ्य के आधार पर।
संदर्भ: NCERT Class 11 Political Science, Ch 2 Rights in the Indian Constitution, p. 30।

8. "मानव शरीर में लार" में कौन सा एंजाइम पाया जाता है? (विज्ञान)
उत्तर: टायलिन (एमाइलेज)
व्याख्या: मानव लार में टायलिन (सैलिवरी एमाइलेज) एंजाइम पाया जाता है, जो स्टार्च (जटिल कार्बोहाइड्रेट) को माल्टोज (सरल शर्करा) में बदलना शुरू करता है। यह पाचन की प्रक्रिया का पहला चरण है और मुँह में ही शुरू हो जाता है। लार ग्रंथियाँ प्रतिदिन 1-1.5 लीटर लार का स्राव करती हैं।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 6 Life Processes, p. 99।

9. "कालीघाट पेंटिंग" किस शहर से संबंधित है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: कोलकाता
व्याख्या: कालीघाट पेंटिंग (या पटुआ चित्रकला) कोलकाता के कालीघाट मंदिर के आसपास 19वीं शताब्दी में विकसित हुई एक पारंपरिक बंगाली कला है। इसमें जल रंगों का उपयोग करके कागज पर देवी काली, अन्य देवी-देवताओं और सामाजिक जीवन के चित्र बनाए जाते हैं। यह कला सरल रेखाओं और ज्वलंत रंगों के लिए जानी जाती है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 The Making of Regional Cultures, p. 139।

10. बिहार के किस जिले में "अशोक का लौरिया नंदनगढ़ स्तंभ" स्थित है? (बिहार GK)
उत्तर: पश्चिम चंपारण
व्याख्या: सम्राट अशोक का लौरिया नंदनगढ़ स्तंभ बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में स्थित है। यह एक पॉलिश किए गए बलुआ पत्थर का स्तंभ है जिस पर अशोक के शिलालेख उत्कीर्ण हैं। यह सम्राट अशोक द्वारा स्थापित कई स्तंभों में से एक है और मौर्य काल की कला व वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है।
संदर्भ: Bihar Board Class 9 Social Science, Ch 4 Historical Places of Bihar, p. 37।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. "स्कूल सुरक्षा मूल्यांकन" में "संरचनात्मक स्थिरता स्कोर" कैसे निर्धारित होता है? (विद्यालय सुरक्षा)

उत्तर: भूकंप प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि सुरक्षा, निकासी मार्गों के आधार पर

व्याख्या: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अनुसार, संरचनात्मक स्थिरता स्कोर तीन मुख्य मापदंडों पर आधारित है: (1) भूकंप प्रतिरोधक क्षमता (इंजीनियरिंग रिपोर्ट द्वारा), (2) अग्नि सुरक्षा उपकरण और प्रणाली, (3) निकासी मार्गों की पर्याप्तता और पहुँच। प्रत्येक मापदंड पर 0-10 अंक दिए जाते हैं और कुल 30 अंक में से न्यूनतम 21 अंक अनिवार्य हैं।

संदर्भ: Bihar SDMA स्कूल संरचनात्मक सुरक्षा मैनुअल 2025, अध्याय 11, पृष्ठ 37।

12. 12 आदमी या 15 औरतें एक काम को 10 दिन में कर सकते हैं। 4 आदमी और 5 औरतें मिलकर उस काम को कितने दिन में पूरा करेंगे? (मानसिक योग्यता)

उत्तर: 18 दिन

व्याख्या: 12 आदमियों का 1 दिन का कार्य = 1/10, 1 आदमी का 1 दिन का कार्य = 1/(10×12) = 1/120, 15 औरतों का 1 दिन का कार्य = 1/10, 1 औरत का 1 दिन का कार्य = 1/(10×15) = 1/150, 4 आदमी और 5 औरतों का 1 दिन का कार्य = 4×(1/120) + 5×(1/150)= 1/30 + 1/30 = 2/30 = 1/15, अतः कुल समय = 15 दिन, पुनर्गणना: 1/30 + 1/30 = 2/30 = 1/15, तो 15 दिन ✅, संदर्भ: Quantitative Aptitude for

GK संकलन:-

शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

Govt. PS बोदसर

बगहा-2, प. चम्पारण।



अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

1.Guess (गेस) = Predict (प्रिडिक्ट) = अनुमान लगाना

Antonym – Know (नो) = जानना

2.Announce (अनाउंस) = Declare (डिक्लेयर) = घोषणा करना

Antonym – Conceal (कन्सील) = छुपाना

3.Guide (गाइड) = Lead (लीड) = मार्गदर्शन करना

Antonym – Mislead (मिसलीड) = गुमराह करना

4.Collect (कलेक्ट) = Gather (गैदर) = इकट्ठा करना

Antonym – Scatter (स्कैटर) = बिखेरना

5.Permit (परमिट) = Allow (अलाउ) = अनुमति देना

Antonym – Prohibit (प्रोहिबिट) = प्रतिबंध लगाना



~: संकलन :~

घनश्याम प्रसाद

प्रधान शिक्षक

Govt. PS सिधाव थारुटोला

बगहा-2 , प. चम्पारण।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**India celebrates 77th Republic Day with grand parade at Kartavya Path led by President Murmu.**
राष्ट्रपति मुरमू के नेतृत्व में कार्यत्या पथ पर 77वें गणतंत्र दिवस पर भव्य परेड।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू ने कर्तव्य पथ पर परेड की सलामी ली, जिसमें त्रि-सेवा टेबलॉक्स, मिसाइल सिस्टम, सांस्कृतिक प्रदर्शन एवं 'वंदे मातरम' 150 वर्ष थीम शामिल। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि दी।

**PM Modi pays tribute at National War Memorial before Republic Day parade.**
गणतंत्र दिवस परेड से पूर्व पीएम मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि दी।
पीएम नरेंद्र मोदी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी, उसके बाद कर्तव्य पथ पर मुख्य मंच पहुंचे।

**10,000 special guests including Olympiad winners attend Republic Day celebrations.**
ओलंपियाड विजेताओं सहित 10,000 विशेष अतिथि गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल।
यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम प्रतिभागी, बौद्ध शिखर सम्मेलन प्रतिनिधि एवं अंतरराष्ट्रीय खगोल भौतिकी ओलंपियाड के पदक विजेता विशेष अतिथि।

## INTERNATIONAL NEWS

**US winter storm kills 7, leaves 800,000 without power across multiple states.**
अमेरिका में विंटर स्टॉर्म से 7 मौतें, 8 लाख बिना बिजली।
भारी बर्फीले तूफान से कम से कम 7 मौतें, आधे से अधिक राज्यों ने इमरजेंसी घोषित की।

**Minneapolis protests erupt against ICE after fatal shooting of nurse Alex Pretti.**
नर्स एलेक्स प्रेटी की हत्या के बाद आईसीई के खिलाफ मिनियापोलिस में विरोध।
गवर्नर टिम वाल्ज ने ट्रंप से एजेंट हटाने की मांग की, प्रदर्शन फैल रहे।

**Israel retrieves body of last Gaza hostage amid ongoing conflict.**
गाजा के अंतिम बंधक का शव इजरायल ने प्राप्त किया।
सेना ने गाजा में अंतिम बंधक के अवशेष बरामद किए।

## BIHAR NEWS

**Bihar celebrates 77th Republic Day at Patna's Gandhi Maidan with Governor Arif Khan flag hoisting.**
**पटना के गांधी मैदान में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के ध्वजारोहण के साथ बिहार ने 77वां गणतंत्र दिवस मनाया।**
**राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया, 21 टुकड़ियों की परेड एवं 12 विभागीय टेबलॉक्स प्रदर्शित। सीएम नीतीश कुमार उपस्थित।**

**Bihar Legislative Assembly Speaker Prem Kumar unfurls Tricolour on Republic Day.**
**गणतंत्र दिवस पर बिहार विधानसभा स्पीकर प्रेम कुमार ने तिरंगा फहराया।**
**विधानसभा में स्पीकर ने ध्वजारोहण किया, विधान परिषद में चेयरमैन अवधेश नारायण सिंह ने।**

## SPORTS NEWS

**Shreyas Iyer retained for remaining T20Is vs New Zealand; Tilak Varma ruled out.**
**न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष टी20आई के लिए श्रेयस अय्यर बरकरार, तिलक वर्मा बाहर।**
**श्रेयस अय्यर अंतिम दो टी20आई में खेलेंगे, तिलक चोटिल।**

**India plans two warm-up matches ahead of T20 World Cup 2026 vs South Africa and India A.**
**टी20 विश्वकप 2026 से पूर्व दक्षिण अफ्रीका एवं इंडिया ए के खिलाफ दो वार्म-अप मैच खेलेगा भारत।**
**बीसीसीआई ने 4 फरवरी को डीवाई पाटिल स्टेडियम पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप की योजना बनाई।**




**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**


**आइए, मिलकर बच्चों के भविष्य को सिर्फ़ सूचना से नहीं, समझ से सशक्त करें। 🌱📘**

अनुभाग-6

# प्रेरक कहानी :
# "कर्तव्य पथ की एक शाम"

बात गणतंत्र दिवस से ठीक दो दिन पहले की है। स्कूलों में ध्वजारोहण की तैयारी चल रही थी, बच्चे देशभक्ति गीतों का अभ्यास कर रहे थे। हर तरफ राष्ट्रप्रेम का माहौल था, लेकिन कुछ लोग जानते थे कि देशभक्ति का असली रूप भाषणों में नहीं—कर्तव्य निभाने में दिखता है।


इसी दिन उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहरिया के प्रधानाध्यापक बैद्यनाथ प्रसाद और प्राथमिक विद्यालय अमलोरवा के प्रधान शिक्षक बनवारी प्रसाद BRC की ओर जा रहे थे। सड़क के किनारे बने नाले के कारण वहाँ एक बड़ा गैप बन गया था, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों को बार-बार परेशानी होती थी। कई बार लोग गिरते-बचते भी नजर आते थे। बैद्यनाथ जी ने चिंतित होकर कहा, "बनवारी जी, इसे यूँ ही छोड़ दिया गया तो कभी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।"


बनवारी जी ने तुरंत जवाब दिया, "सर, फिर आज ही इसे ठीक करते हैं।"

दोनों ने तय किया कि ऑटो से लगभग 25 किलोमीटर दूर चम्पापुर गनौली बाजार से सीमेंट, बालू, गिट्टी और मिस्त्री बुलाया जाएगा। इस नेक काम में सहयोग के लिए उन्होंने पूर्व बीआरपी और प्राथमिक विद्यालय बोधसर के प्रधान शिक्षक शैलेन्द्र कुमार से संपर्क किया। शैलेन्द्र जी ने खुशी-खुशी समर्थन दिया और तुरंत अपने साथी शिक्षकों को जोड़ लिया।

24 जनवरी की शाम BRC के पास कई शिक्षक जुट गए—म० रिज़वान, पिन्टू कुमार, श्याम कुमार, प्रमोद कुमार, भोला पासवान, सौरव कुमार, नवीन कुमार, घनश्याम प्रसाद, सुनील राम, राजेंद्र राम सहित अन्य साथियों ने श्रमदान किया। सभी ने मिलकर सड़क और नाले के गैप को भरकर उसे सुरक्षित ढलान का रूप दिया, और सेट होने तक उसकी सुरक्षा भी की।

यह काम छोटा था, पर संदेश बड़ा था—गणतंत्र केवल अधिकार नहीं सिखाता, वह कर्तव्य निभाने की प्रेरणा भी देता है।






.................✍️
**मनोज कुमार**
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "भाषा शिक्षण कैसे करें ?"

भाषा मानव अभिव्यक्ति और संप्रेषण का सबसे प्रभावी माध्यम है। भाषा शिक्षण केवल पढ़ने-लिखने का अभ्यास भर नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के विचारों की स्पष्टता, भावनात्मक अभिव्यक्ति, सामाजिक व्यवहार तथा बौद्धिक विकास का सशक्त आधार है। सशक्त भाषा शिक्षण से छात्र आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रकट करना सीखते हैं और समाज से सार्थक रूप से जुड़ते हैं।

भाषा पढ़ाते समय शिक्षक को यह समझना आवश्यक है कि प्रत्येक विद्यार्थी की भाषायी पृष्ठभूमि, शब्द भंडार और अभिव्यक्ति क्षमता भिन्न होती है। अतः शिक्षण विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार, सरल से कठिन और ज्ञात से अज्ञात की ओर होना चाहिए। भाषा शिक्षण कौशल आधारित है, इसलिए इसमें रोचक, संवादात्मक और छात्र-केंद्रित विधियों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

पाठ आरंभ करने से पूर्व शिक्षक को यह स्पष्ट होना चाहिए कि आज कौन-सा भाषायी कौशल—सुनना, बोलना, पढ़ना या लिखना—विकसित करना है। उद्देश्य स्पष्ट होने से शिक्षण व्यवस्थित, सार्थक और परिणामोन्मुख बनता है। भाषा अधिगम की प्राकृतिक प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम सुनने और बोलने पर विशेष बल देना चाहिए, इसके बाद पढ़ने और लिखने की ओर विद्यार्थियों को धीरे-धीरे ले जाना चाहिए।

कहानी, कविता, संवाद, नाटक, चित्र वर्णन, भूमिका अभिनय और समूह चर्चा जैसी गतिविधियाँ भाषा शिक्षण को जीवंत और आनंददायक बनाती हैं। भाषा की अवधारणाओं को विद्यार्थियों के दैनिक जीवन, परिवेश और अनुभवों से जोड़ना चाहिए, जिससे भाषा व्यवहारिक और उपयोगी प्रतीत हो।

भाषा शिक्षण में शिक्षण-अधिगम सामग्री जैसे चित्र, चार्ट, फ्लैश कार्ड, शब्द-पट्ट, ऑडियो-वीडियो साधनों का प्रभावी प्रयोग किया जाना चाहिए। शिक्षक की भाषा सरल, शुद्ध और स्पष्ट होनी चाहिए, क्योंकि विद्यार्थी शिक्षक को ही भाषा का आदर्श मानते हैं।

भाषा में निरंतर अभ्यास का विशेष महत्व है। विद्यार्थियों को बोलने, पढ़ने और लिखने के पर्याप्त अवसर देने चाहिए। प्रश्न-उत्तर, रचनात्मक लेखन, प्रस्तुतीकरण और समूह कार्य से छात्र सक्रिय रूप से सीखते हैं। विद्यार्थियों की त्रुटियों को स्नेहपूर्वक समझाकर सुधार करना चाहिए, जिससे उनका आत्मविश्वास बना रहे। साथ ही समय-समय पर पुनरावृत्ति आवश्यक है।

इस प्रकार यदि भाषा शिक्षण को रुचिकर, व्यवहारिक और छात्र-केंद्रित बनाया जाए, तो भाषा का भय समाप्त होकर भाषा सीखना एक आनंददायक प्रक्रिया बन जाती है।


..................✍️

**मनोज कुमार झा**

प्रधानाध्यापक

राज़कीयकृत म. वि. सर्वोदय

बेतिया, प. चम्पारण।



अनुभाग-8

# "परीक्षा पर चर्चा "

## "गणतंत्र दिवस की प्रेरणा"

**27.01.2026**

Exam Warriors! कल, 26 जनवरी 2026 को हमने पूरे देश में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह से मनाया। Kartavya Path पर भव्य परेड, झांकियाँ, वंदे मातरम की गूंज, और इस बार का खास थीम – 150 वर्षों का वंदे मातरम। बैंकिम चंद्र चटर्जी की यह अमर रचना आज भी हमें एकजुट करती है, हमें याद दिलाती है कि हमारा संविधान हमें सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी सौंपता है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 'परीक्षा पर चर्चा' 2026 अब 4.50 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन के साथ एक जन-आंदोलन बन चुका है। यह आंदोलन भी ठीक वैसे ही है – कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और आत्मविश्वास का। गणतंत्र दिवस हमें सिखाता है कि सच्ची आजादी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति निष्ठा से आती है।

आज हम इसी भावना को अपनी परीक्षा की तैयारी से जोड़ते हैं: देश के लिए पढ़ाई करना भी एक राष्ट्र-सेवा है। तुम्हारी सफलता सिर्फ तुम्हारी नहीं – यह परिवार की, स्कूल की, और पूरे देश की प्रगति में योगदान है।

गणतंत्र दिवस से प्रेरित आज के 5 संकल्प (Exam Warriors के लिए):

**संकल्प पत्र लिखो**: आज एक कागज पर लिखो: "मैं इस परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ दूँगा, क्योंकि यह मेरी देश के प्रति जिम्मेदारी है।" इसे स्टडी टेबल पर चिपका दो – हर बार नजर पड़े, जोश आए।

अनुशासन को तिरंगा मानो

रोज़ाना समय पर उठना, पढ़ाई का समय तय करना, ब्रेक में भी फोकस बनाए रखना – यह सब अनुशासन है, जो गणतंत्र की नींव है।

**एकता में पढ़ाई**: दोस्तों के साथ ग्रुप स्टडी करो, एक-दूसरे की कमजोरी को ताकत बनाओ। जैसे परेड में सब एक साथ चलते हैं, वैसे ही तैयारी में टीम वर्क से जीत दोगुनी हो जाती है।

**कर्तव्य पहले, परिणाम बाद में**: अंक की चिंता छोड़ो, बस रोज़ अपना कर्तव्य निभाओ – पूरा चैप्टर पढ़ना, रिवीजन करना, मॉक टेस्ट देना। कर्तव्य पूरा होगा, तो परिणाम खुद चमकेगा।

**वंदे मातरम का जज्बा**: पढ़ाई के दौरान थकान लगे तो मन में गुनगुनाओ – "वंदे मातरम"। यह छोटा सा मंत्र ऊर्जा देगा, क्योंकि तुम्हारी मेहनत देश की उन्नति में जुड़ रही है।

**अभिभावकों से अपील**: बच्चों को याद दिलाओ – "तुम्हारी पढ़ाई देश के भविष्य का निर्माण है।" उनकी छोटी-छोटी मेहनत की तारीफ करो, जैसे परेड में सैनिकों की सराहना होती है।

**शिक्षक साथियों**: कक्षा में आज बच्चों से पूछो: "गणतंत्र दिवस ने तुम्हें क्या सिखाया?" फिर पढ़ाई को उसी देशभक्ति के जज्बे से जोड़ो। PPC के हजारों योद्धाओं ने बताया कि गणतंत्र दिवस के बाद उनकी पढ़ाई में एक नई जिम्मेदारी और उत्साह आया।

गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है: सपने बड़े हों, मेहनत उससे भी बड़ी हो।

तो आज से संकल्प लो – पढ़ाई मेरी राष्ट्र-सेवा है। परीक्षा में जीत मेरा योगदान है।

#ExamWarriors – वंदे मातरम की भावना से, हम अजेय हैं!

कल फिर मिलेंगे, नई प्रेरणा लेकर। जय हिंद! जय भारत!





..................

**रवीन्द्र कुमार**

**ज़िला शिक्षा पदाधिकारी**

**प. चम्पारण, बेतिया।**




Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**



**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700

अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।

+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org